भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,
भोपालपानी, देहरादून।

संख्या :–3158 / वेधन / नि0सा0नि0 / भू0खनि0नि0 / 2024–25 दिनांक 17 अगस्त, 2024

वित्तीय निविदा का परिणाम

गढ़वाल मंडल के देहरादून मुख्यालय में कैम्प डी0डी0–22 तथा नायली एवं कैराड़ (त्यूणी–चकराता) देहरादून के कैम्प डी0डी0–12 एवं कैम्प डी0डी0–3 में रखी गयी निष्प्रयोज्य वेधन सामग्री की नीलामी किये जाने हेतु विभागीय नीलामी समिति का गठन किया गया। तदोपरान्त वर्णित कैम्पों में रखी गयी निष्प्रयोज्य वेधन सामग्री की नीलामी किये जाने हेतु दिनांक 26.07.2024 को निलामी की सूचना विभागीय वेबसाईट एंव दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी, जिस हेतु मोहरबन्द निविदा (जहां है जैसी है) आमन्त्रित की गयी। निदेशालय के पत्र संख्या 2382, दिनांक 26 जुलाई, 2024 के द्वारा निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एंव समय दिनांक 16.08.2024 (शुक्रवार) को सांय 05:00 बजे तक निर्धारित करते हुए निविदा का परीक्षण एवं खोलने की तिथि एवं समय दिनांक 17.08.2024 (शनिवार) मध्यान्ह् 12:00 बजे निर्धारित की गयी।

उक्त के क्रम में दिनांक 17.08.2024 (शनिवार) मध्यान्ह् 12:00 बजे विभागीय नीलामी समिति के सदस्यों व निविदाकारों के समक्ष मुख्यालय में कैम्प डी0डी0–22 तथा नयाली एवं कैराड़ (त्यूणी–चकराता) देहरादून के कैम्प डी0डी0–12 एवं कैम्प डी0डी0–3 में रखी निष्प्रयोज्य वेधन सामग्री की प्राप्त मोहर बन्द निविदा खोली गयी तथा तकनीकी निविदा का परीक्षण किया गया। परीक्षणोंपरान्त प्राप्त निविदाओं में प्रथम तीन उच्चतम बोली का विवरण निम्न प्रकार है:–

निविदा संख्या 01–देहरादून मुख्यालय में कैम्प डी0डी0–22 के लिये प्राप्त मोहर बन्द निविदा के परिणाम:–

क0 सं0	निविदादाताओं के नाम	तकनीकी निविदा का परिणाम	वित्तीय निविदा में प्राप्त बोली धनराशि (रू0 में)	वित्तीय बोली में प्राप्त उच्चतम बोली के अनुसार **H1** से **H3** का परिणाम (रू0 में।
1.	श्री सराफत अली, चूनाभट्टा, देहरादून।	अभिलेख पूर्ण, वित्तीय निविदा में प्रतिभाग करने हेतु सफल घोषित।	10,51,787 / –	H1
2.	प्रो0 दीपक कुमार अग्रवाल, अपार ट्रेडिंग, देहरादून।	अभिलेख पूर्ण, वित्तीय निविदा में प्रतिभाग करने हेतु सफल घोषित।	10,11,000 / –	H2
3.	शैलेंद्र सिंह, पौड़ी गढ़वाल।	अभिलेख पूर्ण, वित्तीय निविदा में प्रतिभाग करने हेतु सफल घोषित।	7,80,000 / –	H3

निविदा संख्या 02–नायली एवं कैराड़ (त्यूनी क्षेत्र चकराता) में कैम्प डी0डी0–3 एवं डी0डी0–12 के लिये प्राप्त मोहर बन्द निविदा के परिणाम:–

क0 सं0	निविदादाताओं के नाम	तकनीकी निविदा का परिणाम	वित्तीय निविदा में प्राप्त बोली धनराशि (रू0 में)	वित्तीय बोली में प्राप्त उच्चतम बोली के अनुसार **H1** से **H3** का परिणाम (रू0 में।
1.	प्रो0 दीपक कुमार अग्रवाल, अपार ट्रेडिंग, देहरादून।	अभिलेख पूर्ण, वित्तीय निविदा में प्रतिभाग करने हेतु सफल घोषित।	12,71,000 / –	H1

2.	श्री सराफत अली, चूनाभट्टा, देहरादून।	अभिलेख पूर्ण, वित्तीय निविदा में प्रतिभाग करने हेतु सफल घोषित।	12,55,555/–	H2
3.	श्रीमती कमला देवी, पिथौरागढ़।	अभिलेख पूर्ण, वित्तीय निविदा में प्रतिभाग करने हेतु सफल घोषित।	8,35,000/–	H3

अतः समिति द्वारा निविदा संख्या 01–देहरादून मुख्यालय में कैम्प डी0डी0–22 के लिये श्री सराफत अली, चूनाभट्टा, देहरादून एवं निविदा संख्या 02–नायली एवं कैराड़ (त्यूनी क्षेत्र चकराता) में कैम्प डी0डी0–3 एवं डी0डी0–12 के लिये प्रो0 दीपक कुमार अग्रवाल, अपार ट्रेडिंग, देहरादून को सफल घोषित किया जाता है।

(राजपाल लेघा)
निदेशक

संख्या :–3158 /वेधन/नि0सा0नि0/भू0खनि0नि0/2024–25 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि :– **निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. नोडल अधिकारी, आई0टी0सैल, भूतत्व एंव खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वित्तीय निविदा का परिणाम विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
2. सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।

17/8/24

(राजपाल लेघा)
निदेशक